Title: Need to look into the steep rise in prices of cement in the country - Laid.

डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर): सीमेंट कार्पोरेशन द्वारा चलाई जा रही कतिपय इकाइयों के बंद होने से सीमेंट उत्पादन में हुई कमी व कुछ निजी क्षेत्र की इकाइयों के भी बंद होने से देश में सीमेंट की तथाकथित कमी का लाभ उठाते हुए व उत्पादन लागत में वृद्धि बताकर सीमेंट मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन द्वारा सहसा की गई अप्रत्याशित वृद्धि से देश के हजारों किसानों को ऐसे समय में संकट का सामना करना पड़ रहा है जब विभिन्न राज्यों में जल संकट के कारण छोटे कुंओं, बड़े कुंओं व तालाबों का निर्माण हो रहा है, सीमेंट की कीमतें 50 प्रतिशत बढ़ा दी गई है। इससे किसानों के समक्ष तो संकट खड़ा ही हुआ है किंतु अन्य निर्माण कार्यो पर भी असर पड़ा है। फलतः हजारों की संख्या में उक्त कामों पर लगे मजदूरों की आजीविका प्रभावित हुई है।

मैं माननीय उद्योग मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करते हुए अनुरोध करूंगा कि इस 50 प्रतिशत मूल्य वृद्धि के बारे में विचार करते हुए उसको ठीक करने हेतु निर्देश प्रदान करें। ताकि हजारों व्यक्तियों की भलाई हो सकें ।